भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 59 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 14 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दौसा में खाटूश्याम से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप खड़े कंटेनर से टकराई, 11 की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा**

शहर में बुधवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना क्षेत्र के बापी गांव में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में जा घुसी, जिससे 7 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। मृतक सभी उत्तर प्रदेश के एटा और फिरोजाबाद जिले के रहने वाले थे।

एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि असरौली गांव से करीब 45 श्रद्धालु दो पिकअप वाहनों में खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए गए थे। वापसी में महिलाओं और बच्चों से भरी एक पिकअप में 22 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।





राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वह ब्लैकस्पॉट के रूप में चिह्नित है और इसकी जानकारी सरकार को पहले से है। फिलहाल दौसा अस्पताल में 4 घायलों का इलाज चल रहा है, जिनमें 2 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं।

हादसे पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## समग्र शिक्षा में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़ – सहायक अभियंता का दलाल और लेखाधिकारी रंगे हाथों गिरफ्तार, अभियंता फरार







**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सीकर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समग्र शिक्षा अभियान के सहायक अभियंता के दलाल को 60 हज़ार रुपये और सहायक लेखाधिकारी प्रथम को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि सहायक अभियंता कार्रवाई से पहले ही फरार हो गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को एक शिकायत मिली थी कि परिवादी की फर्म द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवास सीकर में करवाए गए कमरों के निर्माण के लगभग 27 लाख के बकाया बिल पास करने के एवज में, सहायक अभियंता खुमाराम 60 हज़ार और सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामचंद्र 45 हजार की रिश्वत मांग रहे है ।

शिकायत की पुष्टि होने के बाद, उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिहाग और पुलिस निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इसमें सहायक अभियंता के कहने पर उसके दलाल कमल को और सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामचंद्र को रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

खुमाराम, सहायक अभियंता, एसीबी कार्रवाई की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों से पूछताछ एवं आगे की कार्यवाही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है

## 111 फीट तिरंगे संग सवाईपुर स्कूल का स्वर्णिम पल, रचा नया इतिहास'

### तिरंगा यात्रा में सेल्फी लेने की मची होड़, देशभक्ति के रंग में रंगा कस्बा



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इतिहास रच दिया। विद्यालय ने 111 फीट लंबे तिरंगे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर न केवल नया रिकॉर्ड बनाया बल्कि लोगों के दिलों में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। विशाल तिरंगे के साथ सेल्फी लेने के लिए छात्रों और ग्रामीणों में होड़ मच गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, ग्राम पंचायत प्रशासक किशन जाट, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के नेतृत्व में स्टाफ और विद्यार्थियों ने तिलक व माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया।

### शिक्षा से ही राष्ट्र का विकास

विधायक मीणा ने छात्रों से कहा, ÷आप देश की भावी पीढ़ी हैं, शिक्षा से ही राष्ट्र का विकास संभव है। हर घर पर तिरंगा लगाएं और राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवित रखें।÷ वहीं, प्रधान बेलवा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को दीपावली-होली जैसे बड़े त्यौहार की तरह मनाना चाहिए।

### विभिन्न मार्गो से निकली तिरंगा यात्रा

विद्यालय से शुरू हुई यात्रा मुख्य बस स्टैंड, सालरिया मार्ग, बड़ा मंदिर, गाड़री मोहल्ला, विद्युत ग्रेड, ड़साणिया का खेड़ा, बालाजी मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर, रामदेवजी मंदिर होते हुए मुख्य चौराहे से विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पुलिस चौकी सवाईपुर का जाप्ता भी मौजूद रहा।

### पहली बार आयोजित हुई यात्रा रही विशेष आकर्षण

111 फीट लंबे तिरंगे के साथ नाचते-गाते, देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंजती यह यात्रा कस्बे में पहली बार आयोजित हुई। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्राचार्य डॉ. ठाकुर की जमकर सराहना की। जिले में किसी भी सरकारी स्कूल द्वारा निकाली गई यह सबसे लंबा तिरंगा लेकर की गई पहली यात्रा है।

## बिजोलिया में फरार पोक्सो आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार, बाइक जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

थाना पुलिस ने जिला स्तरीय टॉप-10 में वांछित पोक्सो मामले के 5 हज़ार के ईनामी आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। थाना प्रभारी लोकपाल सिंह ने बताया की केसरगंज निवासी , आरोपी अशोक धोबी (22) पुत्र किशन पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज 2024 के मामले में 18 माह से फरार चल रहा था। आरोपी की लगातार तलाश के दौरान तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे भीलवाड़ा से दबोचा। वहीं, उसका सहयोगी नरेश सैन (22) पुत्र नाथूलाल, निवासी पुरोहितों का खेड़ा थाना बिजौलिया को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी में हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह की अहम भूमिका रही।

# भीलवाड़ा में फर्जी राजनीतिक पार्टी के जरिये 271 करोड़ का लेनदेन, आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आयकर विभाग ने बुधवार को शहर में एक फर्जी राजनीतिक पार्टी के जरिये करोड़ों के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की। अजमेर और जयपुर से पहुंची टीमों ने शहर के विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेज जब्त किए। मामला 271 करोड़ रुपये के हवाला और टैक्स चोरी से जुड़ा है, जिसका संचालन कथित रूप से ÷नेशनल सर्व समाज पार्टी÷ के नाम से हो रहा था।



जानकारी के अनुसार विजय सिंह पथिक नगर निवासी विकास व्यास, आटून निवासी दीपक कुमार जोशी और आजाद नगर निवासी कमलेश आचार्य इस नेटवर्क के मुख्य सदस्य हैं। पार्टी का इस्तेमाल टैक्स चोरी और राजनीतिक चंदे के धन को रिफंड के नाम पर वापस करने के लिए किया जा रहा था। आरोप है कि फर्जी रसीद लेकर ये लोग आयकर में छूट के लिए आवेदन करते और फिर धनराशि का हिस्सा आपस में बांटकर बाकी दानदाता को लौटा दिया जाता था। इस पूरे खेल में वकील राहुल कोठारी की भी भूमिका सामने आई है, जो पार्टी और विकास के बीच मध्यस्थता करता था। बोगस क्लेम के मामलों में उसका नाम भी शामिल है।

जांच में खुलासा हुआ कि यह नेटवर्क 3 साल से सक्रिय था और इसका ऑपरेशन मुंबई से संचालित हो रहा था। विकास व्यास को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष, दीपक जोशी को कोषाध्यक्ष और कमलेश आचार्य को सचिव बताया गया है। तीनों के बीच घनिष्ठ संबंध हैं और लेनदेन के तार मुंबई से लेकर गाजियाबाद तक फैले हुए हैं।

पिछले तीन वर्षों में इनके खातों में 271 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। आयकर विभाग को इस गिरोह की भनक तब लगी जब मुंबई और भीलवाड़ा में बोगस क्लेम और अकाउंटिंग से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। फिलहाल विभाग मामले कि जाँच में जुटा है ।

# भीलवाड़ा में धीरज के जन्मदिन के अवैध पोस्टर-होर्डिंग्स पर कार्रवाई, पूर्व में कांग्रेसी मंत्री के भी हटाए गए थे बैनर




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नगर विकास न्यास ने बुधवार को शहर में लगे यूनिपोल्स और एंट्री प्वाइंट्स पर कांग्रेस के पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर के जन्मदिन की बधाई वाले अवैध पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की। इससे पहले भी कांग्रेस के ही पूर्व मंत्री रामलाल जाट के सावन में कांवड़ यात्रा संबंधी पोस्टर हटा दिए गए थे।

न्यास टीम ने सर्किट हाउस रोड, एमटीएम चौराहा, गंगापुर चौराहा सहित कई स्थानों से करीब आठ पोस्टर हटाए, जो बिना अनुमति के लगाए गए थे और नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में बिना अनुमति किसी भी प्रकार के पोस्टर, बैनर या होर्डिंग लगाने पर संबंधित के खिलाफ जुर्माना और कानूनी कार्रवाई होगी।

# 11 माह से अटका 4 कमरों का निर्माण, छात्रों की पढ़ाई पर संकट

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

**सांवरिया सालवी।** राउप्रावि उरना में डीएमएफटी योजना के तहत स्वीकृत 4 कक्षा-कक्षों का निर्माण 11 माह बाद भी अधूरा रहने पर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई है। जीएसएस अध्यक्ष रामकुमार मीना, पूर्व सरपंच राकेश कुमार खटीक, एसएमसी अध्यक्ष चेतराम पांचाल, वार्ड पंच रत्न प्रजापत, हेमराज जांगिड़, भेरूलाल साहू सहित ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार चौहान कंस्ट्रक्शन महुआ को कार्य 22 सितंबर 2024 तक पूरा करना था।



लेकिन घटिया निर्माण सामग्री व अनियमितताओं के आरोप के बाद अप्रैल से काम बंद पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी की जांच में निर्माण गुणवत्ता खराब पाई गई, जिसके बाद मई में ठेकेदार को निर्माण तोड़ने का आदेश दिया गया, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग 3 नोटिस दे चुका है, लेकिन कार्य स्थल पर बबूल और झाड़ियां उग आई हैं, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में 8 कक्षाओं के लिए केवल 4 कमरे उपयोगी हैं। इनमें से 1 कमरा ऑफिस के लिए, 2 जर्जर हालत में और बाकी में 130 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई हो रही है, जिससे नियमित कक्षाएं प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार को पाबंद कर कार्य पूरा कराने या टेंडर निरस्त करने की मांग की।

# विधायक डॉ. बैरवा ने किया रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

शाहपुरा ब्लॉक के शिक्षकों, राज्य कर्मचारियों और समाजसेवियों द्वारा आयोजित 14वां रक्तदान शिविर 8 सितंबर को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में होगा। कार्यक्रम संयोजक देवी लाल बेरवा ने बताया कि तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने पोस्टर का विमोचन करते हुए रक्तदान और पौधारोपण जैसे मानवीय कार्यों की सराहना की । उल्लेखनीय है कि 2011 से अब तक आयोजित 13 शिविरों में 1600 से अधिक यूनिट रक्त महात्मा गांधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक में दिया जा चुका है। शिविर में प्रतिवर्ष रक्तदाताओं को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाता है।

# जाली चौराहे पर तीन दुकानों में लाखो की चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आसींद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुरा के जाली चौराहे पर मंगलवार देर रात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाकर लाखों का सामान चुरा लिया और फरार हो गए। लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में भारी रोष है।




जानकारी के अनुसार देर रात कार डेकोर, टायर और रेडियम की दुकानों पर चोरों ने धावा बोलकर एलईडी, कैमरे और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। अगले दिन घटना का पता चलते ही ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो महीनों में जाली माता मंदिर सहित पांच चोरी की वारदात हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। ग्रामीणों ने शीघ्र खुलासा कर चोरों को पकड़ने की मांग की है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# लोक अदालत से पूर्व आपसी समझौते पर जोर, न्यायालय में हुई समीक्षा बैठक



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में आगामी लोक अदालत से पूर्व प्रि-लिटिगेशन चरण में अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने निर्देश दिए कि पक्षकारों के आपसी समझौते से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कर शीघ्र न्याय उपलब्ध कराया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों का भार कम हो।

बैठक में तय किया गया कि विभागीय अधिकारी एवं अधिवक्ता मिलकर ऐसे मामलों की सूची तैयार करेंगे, जिनका निस्तारण लोक अदालत से पूर्व संभव है, और संबंधित पक्षों को समय पर सूचना दी जाएगी।

बैठक में मुख्य प्रबंधक एसबीआई वेद प्रकाश, पीएनबी प्रबंधक कुलदीप यादव, बीओबी से कालूराम कुमावत, बीएसएनएल से सुनील कुमार तथा विद्युत विभाग से एस.आर. भानावत व राजेश कुमार गुर्जर उपस्थित रहे।

# त्यौहारों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और संवत्सरी जैसे आगामी त्यौहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते हुए सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट अक्षत कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट बनाया। कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भीलवाड़ा दिनेश कुमार साउ तथा नायब तहसीलदार रोनक शर्मा को नियुक्त किया गया। प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी, नगर विकास न्यास चिमन लाल मीणा को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत और नायब तहसीलदार पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय रखते हुए त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सतर्क निगरानी रखेंगे, आवश्यक व्यवस्थाओं और संसाधनों का नियोजन करेंगे तथा किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

जिले के अन्य स्थानों पर संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट और तहसीलदार कानून-व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे।



## QUICK BITES

### श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में रामदेवरा पदयात्रियों के लिए विशेष सेवा व्यवस्था शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू



( दिनेश गुर्जर ) । श्री रामदेवरा धाम की ओर पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान ने विशेष सेवा व्यवस्था आरंभ की है।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, चाय, आवास और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। सुबह 8 बजे से रात 10:30 बजे तक, मंदिर के पट बंद होने तक श्रद्धालुओं को संपूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही ठहरने के लिए उचित आवास भी सुनिश्चित किया गया है। अन्नक्षेत्र संचालन की जिम्मेदारी डॉ. श्याम बिहारी दिनकर को सौंपी गई है, जो पूरी व्यवस्था का संचालन कर रहे हैं।

### भारतीय मानक क्लब की पोस्टर प्रतियोगिता में दीपशिखा प्रथम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय शाहपुरा में भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर शाखा व राजस्थान शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ÷एक टिकाऊ दुनिया का निर्माण÷ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई।

मानक क्लब संरक्षक राजेश कुमार धाकड़ ने विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो, मानक चिन्ह, बीआईएस केयर ऐप तथा उत्पादों की गुणवत्ता जांच के प्रति जागरूक किया।

प्रतियोगिता में दीपशिखा सुनारिया प्रथम, दुर्गेश बलाई द्वितीय, आर्यन खटीक तृतीय और खुशी वैष्णव चतुर्थ स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# छोटा रुणिचा धाम में 25 अगस्त को भव्य भादवी दूज महोत्सव, देशभर से उमड़ेंगे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

क्षेत्र के प्रसिद्ध छोटा रुणिचा धाम में 25 अगस्त को 641वां भादवी दूज महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर बुधवार को गादीपति महंत हीरा लाल जोगी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। महंत हीरा लाल जोगी ने बताया कि महोत्सव पर भजन संध्या, भंडारा और रात्रि जागरण का आयोजन होगा। रात्रि जागरण में भजन गायक गोविंद मतवाला, धीरज मेघवाल और बबलू कुमार वैष्णव भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर परिसर को विशेष सजावट से सजाया जाएगा और रात में फूलों की होली के साथ सैकड़ों थालियों से



सामूहिक आरती होगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि आरोली, रसदपुरा, खड़ीपुर, यादव कॉलोनी, सुखपुरा, सलाटिया, भीलों की जलेरी और बंजारों की जलेरी से बैंड-बाजों के साथ नाचते-गाते ग्रामीण बाबा की नेजा चढ़ाने के लिए पैदल यात्रा कर छोटा रुणिचा धाम पहुंचेंगे। महंत जोगी ने बताया कि अखिल भारतीय श्री रामदेवरा पुजारी परिषद, रामदेवरा द्वारा चलाए जा रहे ÷घर-घर पूजा, घर-घर नेजा÷ अभियान के तहत धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को तस्वीरें और नेजे वितरित किए जाएंगे। इस आयोजन में राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से श्रद्धालु शामिल होंगे। बैठक में विक्रम बंजारा, राजू धाकड़, कमलेश धाकड़, गोविंद धोबी, अजय यादव, गोविंद यादव, शंकर नाथ, तीरथ यादव, सीताराम मेघवाल, भंवर जोगी, बहादुर जोगी, मुकेश रेगर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांडलगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा, भारत माता के जयकारों से गूंजा क्षेत्र





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

आज़ादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के तहत मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल में मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में बीगोद नगरपालिका से प्रारंभ हुई यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता, बाइक और कारों के काफिले के साथ हाथों में तिरंगा थामे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा बीगोद, त्रिवेणी और होड़ा होते हुए मांडलगढ़ पुरानी आबादी स्थित भवरिया की माताजी मंदिर तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में भारत माता के जयकारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा।

विधायक शर्मा ने यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह आयोजन राष्ट्रप्रेम और एकता का प्रतीक है। यात्रा में उपजिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, प्रदेश प्रभारी ब्रजराजकृष्ण उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, मनोज कुमार सनाढ्य, मुकेश व्यास सरपंच, मूल, मोहन सिंह, कुलदीप सिंह, नारायण जोशी, यशोधर वैष्णव, मुकेश जोशी, विनोद ओस्तवाल और संदीप सोनी सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देशभक्ति के रंग में रंगा कोटड़ी, तिरंगा यात्रा से गूंजे देशभक्ति के गीत

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को कोटड़ी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेवाड़ के प्रसिद्ध धाम प्रभु श्रीचारभुजानाथ मंदिर प्रांगण से यात्रा का शुभारंभ जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान करण सिंह बेलवा एवं उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने भगवा ध्वजा दिखाकर किया।

हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति गीतों की धुन के साथ यात्रा सदर बाजार, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, नेहरू नगर होते हुए पंचायत समिति परिसर



तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरे कस्बे का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

तिरंगा यात्रा में प्रधान करण सिंह कानावत, तहसीलदार राम किशोर मीणा, थानाप्रभारी महावीर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, कोटड़ी सरपंच कांता डीडवानिया, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, भाजपा नेता धर्मचंद जीनगर, बड़ला सरपंच शिवराज जाट, प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र तेली, लक्ष्मण गाड़री, रामस्वरूप गुर्जर, भरत सिंह, जिला परिषद सदस्य भंवर जाट, सवाईपुर सरपंच किशन जाट, अमरचंद गाड़री, देवी लाल जाट, भेरूलाल टांक, श्रीकल्याण आचार्य, रामकुवार जाट, तिरंगा यात्रा सह संयोजक प्रकाश गाड़री, देवेंद्र सिंह, ओमप्रकाश माली, भगवान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## भीलवाड़ा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार शाम भीलवाड़ा शहर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। राजेन्द्र मार्ग स्कूल से शुरू हुई यात्रा का शुभारंभ जिला कलेक्टर जसमीत संधू और जिला परिषद के सीईओ चंद्रभान सिंह ने किया। शहर में 108 मीटर लंबे तिरंगे, देशभक्ति गीतों और नारों के साथ माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर रहा। इससे पूर्व, बीजेपी के समर्थन से चारों दिशाओं से सुभाष मंडल, शास्त्री मंडल, गणेश मंडल और प्रताप मंडल के कार्यकर्ता वाहन रैलियों के साथ राजेंद्र मार्ग विद्यालय पहुंचे। रैली में युवा और मातृशक्ति ने भारत माता के जयकारे, वंदे मातरम और ढोल-नगाड़ों की थाप पर हाथों में तिरंगा लहराया। स्टेशन चौराहे पर मां भारती की तस्वीर के आगे भव्य आरती की गई। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिला



अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, महापौर राकेश पाठक, उपमहापौर रामलाल योगी, विधायक अशोक कोठारी सहित भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# बीगोद - सावन महोत्सव में माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया तीज सिंजारा



भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

सावन महोत्सव के तहत माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष राधे रानी तोतला के नेतृत्व में तीज सिंजारा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर गीत-संगीत और झूला झूलने का आनंद लिया। माहौल पूरे दिन उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।

# नंदराय मंडल से बीगोद तक निकली भव्य तिरंगा रैली

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक**

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नंदराय मंडल में बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने बताया कि क्षेत्र के जितिया चौराहे से बाइक रैली रवाना हुई, जिसमें आमां, सुथेपा, गेंदलिया, बदलियास, जीवाखेड़ा, आकोला, गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

रैली जितिया से बदलियास, आकोला, सवाईपुर होते हुए बीगोद पहुंची। इस दौरान मंडल महामंत्री दुष्यंत राजस्थला, भंवर सिंह राणावत, कमलेश अमरावत, दिलीप सिंह राणावत, शिवलाल जाट, शोभालाल जाट, शंकरलाल शर्मा, शिव पलड़िया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# जल संरक्षण में भीलवाड़ा नंबर वन – जिला कलेक्टर संधू को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने सराहना पत्र प्रदान किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित राज्यभर के कार्यक्रमों में भीलवाड़ा जिले ने संधू के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल की गई, जिसकी मुख्य सचिव ने सराहना करते हुए भविष्य में भी उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया।



# निश्चय' थीम पर बीजेएस प्रांतीय अधिवेशन, 17-18 अगस्त को भीलवाड़ा में जुटेंगे 400+ संभागी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जैन संघटना का प्रांतीय अधिवेशन 17-18 अगस्त को यश विहार में होगा, जिसमें 400 से अधिक संभागी भाग लेंगे। थीम 'निश्चय - प्रतिज्ञा से पुरुषार्थ की ओर' पर आधारित कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद दामोदर अग्रवाल करेंगे, जबकि अध्यक्षता विधायक अशोक कोठारी करेंगे।



कार्यक्रम में महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा व वरिष्ठ समाजसेवी शामिल रहेंगे। बीजेएस के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस पर तक्षवी की देशभक्ति का तोहफ़ा, 'प्रीत जहां की रीत सदा' वीडियो लॉन्च

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

79वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न से पहले काशीपुरी निवासी समाजसेवी गोविंद प्रसाद सोडाणी की सुपोत्री एवं बाल कलाकार तक्षवी सोडाणी ने देशभक्ति म्यूजिकल वीडियो ÷प्रीत जहां की रीत सदा÷ (जब जीरो दिया मेरे भारत ने) लॉन्च किया। बुधवार सुबह इस वीडियो का शुभारंभ सांसद दामोदर अग्रवाल ने किया। लॉन्चिंग अवसर पर सांसद अग्रवाल ने तक्षवी की कला की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। तक्षवी, जो जयप्रकाश और गरिमा की बेटी हैं, ने इस वीडियो के माध्यम से देश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।



पूर्व में भी तक्षवी के कई आध्यात्मिक और देशभक्ति गीतों के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो चुके हैं। गौरतलब है कि तक्षवी के माता-पिता पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनकी अभिरुचि को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग देते हैं।

## QUICK BITES

# तेजा दशमी की तैयारी को लेकर जाट समाज की बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



जाट समाज शाहपुरा द्वारा 1 सितंबर को होने वाले तेजा दशमी समारोह और प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जाट छात्रावास, कलिंजरी गेट पर बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। आगामी बैठक 17 अगस्त को सुबह 11 बजे छात्रावास में होगी।

# वीरों का वंदन, तिरंगा लहराकर दी श्रद्धांजलि

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा में बुधवार को वीर शहीदों की स्मृति में शिलाफलकम कार्यक्रम हुआ। प्रशासक निशा वीरेंद्र मीना ने ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कर तिरंगे के सम्मान व राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई।

उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव की गलियों से गुज़रते हुए 'हर घर तिरंगा' संदेश देती रही। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# धरणीधर जन्मोत्सव कल धूमधाम से मनाया जाएगा

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

भगवान श्री धरणीधर का वार्षिक जन्मोत्सव इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। 14 अगस्त, गुरुवार को सुबह 8:15 बजे से शोभायात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन होगा, जिसकी शुरुआत भगुनगर देवनारायण मंदिर परिसर से होगी। रैली को श्री धाकड़ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा काछोला, धामनिया, मानपुरा, मांडलगढ़ होते हुए त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां धर्मशाला में भोजन प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, दीपशिखा धाकड़ प्रदेश अध्यक्ष, महिला इकाई , समाज के जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में धाकड़ समाज के लोग मौजूद रहेंगे। व्यवस्थापक रामपाल धाकड़, मीडिया प्रभारी सत्यनारायण धाकड़, रतनलाल धाकड़ अध्यक्ष, धाकड़ युवा संगठन त्रिवेणी संगम सहित जिला पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# मंडपिया पुलिस चौकी से सांप का रेस्क्यू

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



**(बद्री लाल माली)**। मंडपिया पुलिस चौकी में बुधवार को एक इंडियन रैट स्नेक धामन घुस आया। सूचना पर वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बैरवा मौके पर पहुंचे और मैस रूम में बैठे सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। बैरवा ने बताया कि यह गैर विषैला सांप किसानों का मित्र माना जाता है । इससे खतरा नहीं होता है ।

# जंगली सुअरों का आतंक, फसलें बर्बाद

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा



कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में किसानों के खेतों में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है, जिससे किसानों की फसलें लगातार नुकसान झेल रही हैं। किसानों का कहना है कि वे महंगे बीज लाकर मेहनत से फसल तैयार करते हैं, लेकिन जंगली सुअर खेतों में घुसकर उसे नष्ट कर देते हैं। किसान शंभूनाथ, हीरालाल धाकड़, प्रहलाद जांगिड़ और उदयलाल प्रजापत ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि उनकी मेहनत और लागत दोनों सुरक्षित रह सकें।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।